उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज।

पत्रांकः– 6935 / चयन / 142–2021 / 2021–22 **दिनांक 18.02.2022**

विज्ञप्ति

याचिका संख्या–27543 / 2021(एस0एस0) सीमा गुप्ता बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य मे पारित मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 29.11.2021 के अनुपालन में चयन बोर्ड कार्यालय के पत्रांकः–4991–5055 / चयन / 142–2021 / 2021–22 दिनांक 06.12.2021 द्वारा विज्ञापन संख्या–2 / 2021 प्रवक्ता हिन्दी के पैनल पर अग्रेतर कार्यवाही स्थगित की गयी थी।

2– मा0 उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में याचिका में निहित प्रश्न पर विषय विशेषज्ञ से रिपोर्ट लेने के पश्चात् पुनरीक्षित लिखित परीक्षा परिणाम विज्ञप्ति दिनांक 29.12.2021 द्वारा घोषित किया गया। पुनरीक्षित लिखित परीक्षा परिणाम में सफल नये अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक 08.01.2022 को कराने के पश्चात् चयनबोर्ड की विज्ञप्ति दिनांक 21.01.2022 द्वारा उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड नियमावली 1998 के नियम 12(8) के अन्तर्गत उक्त विषय का संशोधित पैनल जारी किया गया।

3– उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड नियमावली 1998 के नियम 12(8) के अधीन जारी किये गये पैनल दिनांक 29.10.2021 तथा संशोधित पैनल दिनांक 21.01.2022 में निम्नांकित परिवर्तन हुयेः–

(a) वर्ग–01 (बालक वर्ग) में 06 पूर्व चयनित अभ्यर्थी (पैनल क्रमांक 187 सामान्य, पैनल क्रमांक 172, 241, 248, 254 अ0पि0वर्ग तथा पैनल क्रमांक 325 अनु0जा0) संशोधित पैनल में चयन से बाहर हो गये एवं 05 पूर्व चयनित अभ्यर्थी (पैनल क्रमांक 137, 338, 345, 363 सामान्य तथा पैनल क्रमांक 205 अ0पि0वर्ग) चयन की परिधि से बाहर होकर संशोधित पैनल में रिक्तियों से अधिक की संख्या में स्थानान्तरित हो गये। इनके अतिरिक्त 05 अभ्यर्थी (पैनल क्रमांक 113, 129 सामान्य तथा पैनल क्रमांक 156, 157 व 158 अ0पि0वर्ग) संशोधित पैनल में अपनी पूर्व चयनित श्रेणी से इतर श्रेणी में चयनित होने के कारण अपनी श्रेणी के चयन से बाहर हो गये।

(b) संशोधित पैनल 12(8) में वर्ग–01 के अन्तर्गत 01 अभ्यर्थी (पैनल क्रमांक 338 अ0पि0वर्ग) नवीन चयनित हुये एवं पूर्व पैनल में रिक्तियों से अधिक की संख्या के 10 अभ्यर्थी (पैनल क्रमांक 153, 270, 345, 363 सामान्य तथा पैनल क्रमांक 268, 269, 271, 272, 273, 274 अ0पि0वर्ग) वर्तमान में चयन की परिधि में आये। इसके अतिरिक्त संशोधित पैनल में 05 अभ्यर्थी (पैनल क्रमांक 151, 152, 154 सामान्य, 167 अ0पि0वर्ग तथा 185 अनु0जाति) अपनी पूर्व चयनित श्रेणी से इतर श्रेणी में चयनित हुये।

(c) इसी प्रकार वर्ग–02 (बालिका वर्ग) में 03 पूर्व चयनित अभ्यर्थी (पैनल क्रमांक 32 सामान्य, 38 अ0पि0वर्ग तथा 45 अनु0जा0) संशोधित पैनल में बाहर हो गये एवं 01 पूर्व चयनित अभ्यर्थी (पैनल क्रमांक 36 अ0पि0वर्ग) चयन की परिधि से बाहर होकर संशोधित पैनल में रिक्तियों से अधिक की संख्या में स्थानान्तरित हो गये। इनके स्थान पर पूर्व पैनल में रिक्तियों से अधिक की संख्या से 4 अभ्यर्थी (पैनल क्रमांक 32 सामान्य, 36 व 38 अ0पि0वर्ग, तथा 46 अनु0जा0) वर्तमान में चयन की परिधि में आये।

4– चयनबोर्ड के पत्रांकः–3108–91 / चयन / 123–2021 / 2021–22 दिनांक 03.11.2021 द्वारा चयनित अभ्यर्थियों का पैनल सम्बन्धित जिला विद्यालय निरीक्षक को भेजा गया था। नये सिरे से पुनः आवंटन करने पर कार्यभार ग्रहण कर चुके अभ्यर्थियों का पूर्व संस्था आवंटन परिवर्तित हो जायेगा। अतएव इस विषम परिस्थिति के दृष्टिगत बोर्ड द्वारा यह निर्णय लिया गया कि पूर्व एवं वर्तमान में सफल अभ्यर्थियों का संस्था आवंटन यथावत् रखा जाय और नवीन सफल अभ्यर्थियों तथा पूर्व चयनित श्रेणी से इतर श्रेणी में चयनित अभ्यर्थियों का ही संस्था आवंटन किया जाय।

5– बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के क्रम में चयन बोर्ड की विज्ञप्ति दिनांक 31.10.2021 द्वारा विज्ञापन संख्या–2 / 2021 प्रवक्ता हिन्दी के संस्था आवंटन सूची वर्ग–01 (बालक) के पैनल क्रमांक–113, 129, 137, 156, 157, 158, 172, 187, 205, 241, 248, 254, 325, 338, 345, एवं 363, तथा वर्ग–02 (बालिका) के पैनल क्रमांक–32, 36, 38, 45 के असफल अभ्यर्थियों के संस्था आवंटन को निरस्त किया जाता है। इनके स्थान पर वर्ग–01 (बालक) के 16 तथा वर्ग–02 (बालिका) के 04 चयनित अभ्यर्थियों का संस्था आवंटन चयनबोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित है। शेष अभ्यर्थियों का संस्था आवंटन यथावत रहेगा।

18-02-2022

सचिव
उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,
प्रयागराज।